भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 782
21 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

पीएमएवाई-यू के अंतर्गत आवासों का निर्माण

782. **श्री राम मोहन नायडू किंजरापुः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) आंध्र प्रदेश राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत स्वीकृत, पूर्ण, वर्तमान में निर्माणाधीन, स्वीकृत आवास जो निर्माणाधीन नहीं हैं, की वर्ष-वार संख्या कितनी है;
(ख) उक्त राज्य में लाभार्थियों को सौंपे गए पूर्ण किए गए आवासों की वर्ष-वार संख्या कितनी है; और
(ग) क्या वर्ष 2019-2020 में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत परियोजनाओं के लिए पुन: निविदा जारी की गई है और यदि हां, तो उक्त राज्य में पुन: निविदा के अधीन आवासों की संख्या कितनी है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को सभी मौसमानुकूल पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) को केंद्रीय सहायता देने हेतु 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) - 'सब के लिए आवास' मिशन का कार्यान्वयन कर रहा है। योजना के अन्तर्गत आवासों का निर्माण केन्द्रीय सहायता, राज्य अंश एवं लाभार्थी अंशदान से किया जा रहा है। पीएमएवाई-यू के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में वर्तमान में निर्माणाधीन और निर्माण कार्य शुरू किए जाने वाले आवासों के साथ-साथ स्वीकृत, पूर्ण और लाभार्थियों को आवंटित किए गए आवासों का वर्ष-वार ब्यौरा संलग्न है।
(ग) : जी, हॉ। आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 2019-20 में पुन: निविदा देने के बाद पीएमएवाई-यू के तहत 54,056 आवासों का निर्माण शुरू किया गया था।

*****

दिनांक 21-07-2022 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 782 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएमएवाई-यू के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में आवंटित /लाभार्थियों द्वारा कब्जा लिए गए आवासों की संख्या के साथ स्वीकृत, पूर्ण, वर्तमान में निर्माणाधीन और निर्माण कार्य शुरू किए जाने वाले आवासों की संख्या का वर्षवार ब्यौरा

वित्तीय वर्ष	**स्वीकृत आवासों की संख्या**	**पूर्ण किए गए आवासों की संख्या**	**लाभार्थियों को आवंटित/सौंपे गए/पूर्ण किए गए आवासों की संख्या**	**वर्तमान में निर्माणाधीन आवासों की संख्या**	**निर्माण कार्य शुरू किए जाने वाले आवासों की संख्या**
	1	2	3	4	5
2015-16	1,39,811	1,32,632	34,617	7,179	-
2016-17	232	232	232	-	-
2017-18	2,42,070	1,83,195	76,538	58,875	-
2018-19	1,49,106	56,416	56,416	88,795	3,895
2019-20	5,63,784	95,144	95,144	4,57,675	10,965
2020-21	5,29,182	54,702	54,702	4,38,414	36,066
2021-22	4,47,591	22,776	22,776	2,66,840	1,54,125
2022-23	-	-	-	-	-
कुल	20,71,776	5,45,097	3,40,425	13,17,778	2,05,051